संख्या-I/II/97-का-4-2002

प्रेषक,

राजेन्द्र भीनवाल,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ :: दिनाँक:: 30 सितम्बर, 2002

विषय- उ0प्र0डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने हेतु दिनाँक 10 एवं 11 नवम्बर, 2002 का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ द्वारा दिनाँक 10 एवं 11 नवम्बर, 2002 को वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । उक्त सम्मेलन में महासंघ से सम्बद्ध विभिन्न संघों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जायेगा ।

2. उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा उक्त सम्मेलन के अवसर पर दिनाँक 10 एवं 11 नवम्बर, 2002 को सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। अतः उक्त सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(राजेन्द्र भीनवाल)
प्रमुख सचिव

संख्या-I/II/97( )-का-4-2002, तद्दिनाँक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समस्त विभागाध्यक्ष/ प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
2- समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
3- श्री डी0 शिव शंकर दुबे, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ।

आज्ञा से,

(भुइयाँदीन)
विशेष सचिव